हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 5 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 19 .5 डिग्री
न्यूनतम 3 .0 डिग्री

12 शहजादपुर बनी तीसरी नगरपालिका अब ग्रामीणों ..



12 100 मीटर रेस में दुराना की रीना ने मारी बाजी ...



## खबर संक्षेप

### बेगमपुर के जंगल से खैर के पेड़ चोरी

**यमुनानगर** गांव बेगमपुर के जंगल से खैर तस्करों ने हजारों रुपये के खैर के पेड़ चोरी कर लिए। पुलिस ने कलेसर रेंज के वन राजिक अधिकारी की शिकायत पर तीन खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वन राजिक अधिकारी कलेसर रेंज राजीव कंबोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव बेगमपुर के जंगल में खैर के पेड़ लगे हुए हैं। उसे सूचना मिली थी कि चोरों ने जंगल से खैर के पेड़ काट कर चोरी कर लिए है। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान जंगल से दो खैर के पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब 15 हजार रुपए है।

### शादी का झांसा देकर युवती व किशोरी अगवा

**यमुनानगर** जिले में अलग-अलग दो स्थानों से युवकों ने शादी का झांसा देकर युवती व किशोरी को अगवा कर लिया। पुलिस ने लड़कियों के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 22 वर्षीय बेटी 30 दिसंबर को दोपहर दो बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। उधर, साढ़ौरा की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 14 वर्षीय लड़की एक जनवरी को किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी।

### नलकूपों से चोरी कर ली हजारों रुपये की तारें

**यमुनानगर।** गांव खजूरी में नौ किसानों के ट्यूबवेल के ताले तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये की मोटरों की तारे चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खजूरी निवासी रविंद्र राणा ने जठलाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को अपने खेतों से काम खत्म करके घर आ गया था। सुबह जब वह खेतों में गए तो ट्यूबवेल के कमरे का ताला टूटा मिला। जांच करने पर अंदर से मोटर की तारे चोरी की हुई थी।

### व्यापारी लूटने के मामले के पांचों आरोपी काबू

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने लूट की वारदात को सुलझाते हुए हथियार के बल पर व्यापारी की कार लूटने के पाचों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने हथियार के बल पर व्यापारी की कार व रुपए की लूट मामले के आरोपी संदीप, सूरज उर्फ सोनू तथा अशोक कुमार वासीयान शिमली, सचिन व प्रदीप कुमार वासीयान मदीना जिला रोहतक को गिरफ्तार करके से छीनी गई कार सहित 63 लाख 96 हजार रुपये व वारदात में प्रयोग कार व असला बरामद करने मे सफलता हासिल की है।

### रेलगाड़ी से कटे युवक की हुई पहचान

**करनाल।** करनाल जिले के घरौंडा रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से मृत युवक की पहचान हो गई है। मृतक की शिनाख्त मधुबन थाना क्षेत्र के गांव मुबारकाबाद निवासी सन्नी कश्यप पुत्र कप्तान कश्यप के रूप में हुई है। हादसा शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे किलोमीटर नंबर 106/1/2 के पास हुआ था, जिसमें युवक का शव दो हिस्सों में बंट गया था। पहचान न होने पर शव को करनाल के मॉर्च्युरी हाउस में सुरक्षित रखवाया गया था। मृतक के शरीर पर बने टैटू और अन्य निशानों के आधार पर परिजनों ने उसकी पहचान की। जांच अधिकारी के अनुसार पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

---

**फ्रॉड : इस्माइलाबाद में एजेंट ने युवक को ठगा**

# स्पेन भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, थमाया फर्जी वीजा

■ पकड़े जाने पर आरोपी एजेंट ने चेक दिए, लेकिन चेक बाउंस हो गए, अब पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इस्माइलाबाद में एजेंट ने युवक को स्पेन भेजने का झांसा देकर 15 लाख रुपए ठग लिए। आरोपी पूरे पैसे लेकर फर्जी वीजा थमा दिया। पकड़े जाने पर आरोपी एजेंट ने उसे चेक दिए, लेकिन चेक बाउंस हो गए। अब पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया है। बलबीर सिंह निवासी जलबेहड़ा गांव ने बताया कि वह बेरोजगार था, इसलिए उसने विदेश जाने फैसला लिया। इसी दौरान नवंबर 2024 में करनाल के समंद गांव के एजेंट हरजिंदर सिंह ने उसे स्पेन (यूरोप) भेजने का वादा किया। उनकी 15 लाख रुपए में डील फाइनल हो गई। इसमें 2.5 लाख रुपए एडवांस देने थे और बकाया रकम पहुंच पर देनी थी। विश्वास करके उसने 2.5 लाख नकद दिए। उसी महीने आरोपी हरजिंदर ने उसका पासपोर्ट लिया और उसे साथी एजेंट कृष्ण निवासी डहर जिला पानीपत को पकड़ा दिया। करीब 4 महीने बाद आरोपी एजेंटों ने उसे 17 मार्च को फिंगर करवाने के लिए दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम एम्बेसी बुलाया, लेकिन उस दिन उसके फिंगर नहीं हुए।





### तीसरे प्रयास में फिंगर कराए

दूसरी कोशिश भी फेल हो गई। तीसरी बार में तीसरे एजेंट अमन ने 31 मार्च को आरोपियों ने उसके फिंगर किसी तरह करवाकर वापस भेज दिया। 17 अप्रैल को आरोपी कृष्ण और अमन का फोन आया और बोले कि उसका वीजा लग गया। 25 अप्रैल को आरोपियों ने उसे 12.5 लाख लेकर सफीदों बुलाया और पैसे लेकर चले गए। यहां उनके एक और साथी तपन ने उसे सिक्योरिटी के नाम पर 2 लेटर पैड पर बलबीर सिंह ने स्पेन जाने के लिए 12.5 लाख दिए, लिखकर दिया।

### यूएस भेजने के नाम पर 19.50 लाख की ठगी

अंबाला। अमेरिका भेजने के नाम पर तेजा गांव के रणजीत से 19.50 लाख रुपये की ठगी हो गई। नग्गल थाना पुलिस ने रणजीत की शिकायत पर बकनौर गांव के कप्तान सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ने परिवादी को बेटे को अमेरिका भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये की चपत लगाई गई है। पीड़ित रणजीत सिंह ने बताया कि फरवरी 2021 में उसकी मुलाकात अंबाला शहर की अनाज मंडी में आरोपी कप्तान सिंह से हुई थी। उसने खुद को विदेश भेजने का बड़ा जानकार बताया और रणजीत के बेटे जसमीत सिंह को विदेश भेजने की बात कहीं थी। इसके बाद रणजीत सिंह आरोपी की बातों में आ गया। उसने आरोपी कप्तान को तय राशि का भुगतान कर दिया। परिवादी का आरोप है कि आरोपी ने न तो उसके बेटे को विदेश भेजा न ही उसकी राशि वापिस लौटाई। उसने कई बार आरोपी से अपने पैसे मांगे लेकिन भुगतान नहीं हुआ। अब पुलिस आरोपी कप्तान सिंह से पूछताछ करने की तैयारी कर रही है।

### युवक दिल्ली पहुंचा, तो आरोपियों ने फोन बंद कर लिए

11 मई को आरोपियों ने उसे पासपोर्ट, वीजा और टिकट थमाई और दिल्ली बुलाया। वह दिल्ली पहुंचा, तो आरोपियों ने अपने फोन बंद कर लिए। थक हारकर उसे वापस आना पड़ा। शक होने पर उसने वीजा की जांच करवाई, तो वीजा और टिकट फेक मिले। 17 मई को वह तपन के पास पहुंचा, तो उसने पैसे देने से इनकार कर दिया।

### आरोपियों ने पंचायती राजीनामा किया और पैसे लौटाने को कहा

तंग आकर उसने 10 जुलाई को पुलिस को शिकायत दी, जिस पर आरोपियों ने उसके साथ पंचायती राजीनामा किया और पैसे लौटाने की बात कही। 22 अगस्त को आरोपी ने उसे साढ़े 4 लाख और 2 लाख रुपए के 2 चेक दिए। बकाया राशि नकद देना तय हुआ। लेकिन उसके दोनों चेक बाउंस हो गए। इस्माइलाबाद पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

---

**कुरुक्षेत्र के पिपली स्थित चिड़ियाघर के नजदीक हादसा**

# हाईवे पर कार ने पैदल जा रहे युवक को मारी टक्कर, दूर तक घसीटा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जीटी रोड पर पर देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पिपली स्थित चिड़ियाघर के नजदीक तेज गति से आ रही कार ने एक पैदल यात्री को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। गांव यारा निवासी अजय कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपने एक मित्र से मिलने पिपली स्थित चिड़ियाघर आया था। मुलाकात के बाद शाम के समय वह चिड़ियाघर गेट से बाहर निकला और जीटी रोड पर बने लोहे के पुल के पास पहुंचा। उसी दौरान सड़क पर एक व्यक्ति पैदल खड़ा था। शाम ढलते ही सड़क पर धुंध छाने लगी थी। इसी बीच पिपली बस





स्टैंड की ओर से आ रही काली हुंडई एसेंट कार तेज रफ्तार में गुजर रही थी। कार ने शाहाबाद की दिशा में सड़क किनारे खड़े पैदल यात्री को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार कुछ दूरी तक व्यक्ति को घसीटते हुए ले गई। हादसे के तुरंत बाद अजय कुमार मौके पर पहुंचा और घायल को सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ा पाया। उसके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें थीं। अजय ने मौके से गुजर रही पुलिस की गाड़ी को रुकवाया और घायल को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने घायल का उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के चलते उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। अजय कुमार के बयान के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है, साथ ही मृतक की पहचान कराने के प्रयास भी जारी हैं।

---

# रेप का विरोध करने पर की थी महिला की हत्या

**इसराना पुलिस ने दो आरोपी पकड़े**

**पानीपत।** पानीपत के गांव भाऊपुर में खेतों में अर्ध नग्न हालत में मिले महिला के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतका मूल रूप से बिहार की रहने वाली थी और हाल ही में पानीपत के देव नगर में अपने पति के साथ किराए के मकान में रह रही थी। पुलिस ने इस मामले में हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गोहाना रोड पर शराब पी रहे थे और वे महिला को बहलाफुसला कर अपने साथ गांव भाऊपुर के खेतों में ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर, महिला ने जब दुष्कर्म का विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसकी तेजधार व ईंट आदि से प्रहार कर हत्या कर दी। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि दोनों आरोपी गांव नौल्था के निवासी है।

### पानीपत में युवक को दौड़ा दौड़ाकर पीटा

**पानीपत।** पानीपत के सेक्टर 13/17 थाना क्षेत्र के ताऊ देवीलाल पार्क में चार लोगों ने राहुल बमनिया निवासी हरिजन मोहल्ला, गांव गुढा, जिला करनाल को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

इधर, राहुल की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस ने राहुल के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अमित निवासी घरौंडा और तीन अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 126(2), 351(3) और 3(5) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### हनीट्रैप में फंसाकर दिव्यांग से चार लाख रुपये वसूले

**पानीपत।** पानीपत शहर में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालक को हनीट्रैप में फंसा का महिला व उसके कथित पति व पुलिस वाले ने मारपीट कर उसकी करीब तीन लाख रूपये कीमत की सोने की चेन झपट ली और एक लाख रुपये वसूल लिए। वहीं, सीएससी संचालक अस्सी प्रतिशत दिव्यांग है। इधर, पीड़ित दिव्यांग की शिकायत पर थाना तहसील कैंप पुलिस ने इस मामले की जांच की। पुलिस ने आरोपियों के ठिकाने पर रेड की, लेकिन सूचना लीक होने पर आरोपी फरार हो गए। इधर, दिव्यांग का आरोप है कि शिकायत देने के बावजूद पुलिस केस दर्ज नहीं कर रही है। वहीं, पीडित ने एसपी को शिकायत दी। दूसरी ओर, तहसील कैंप थाने के जांच अधिकारी संजय ने बताया कि हनीट्रैप के केस की शिकायत भले ही मेरे नाम पर चढ़ी है, लेकिन उसकी जांच-पड़ताल खुद एसएचओ कर रहे हैं।

**रेड की सूचना लीक हुई थानेदार का दावा शिकायत नहीं मिली**

---

**भाजपा में शीर्ष पदों पर पहुंचते हैं आम कार्यकर्ता**

# प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता: ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक रविवार को मोती राम कालोनी स्थित शक्ति केंद्र प्रमुख रविंद्र पांचाल के निवास पर हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पानीपत ग्रामीण विधायक एवं प्रदेश के शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा रहे। यहां पहुंचने पर मंत्री महीपाल ढांडा का कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। वहीं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि भाजपा भारत की सबसे बड़ी पार्टी है। जिसमें कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान भी अन्य पार्टियों से ज्यादा दिया जाता है। भाजपा अपने अंतिम पंक्ति में खड़े कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री जैसे पद पर बैठाती है। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को आगे रखकर ही राजनीति करती है तथा समय-समय में सरकार में पहुंचे



पानीपत में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का स्वागत करते हुए बिजेंद्र पांचाल आदि।

पार्टी नेताओं के साथ उनकी बैठक कराकर उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाता है। मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि भाजपा में शक्ति केंद्र प्रमुख, पालक प्रमुखों, मंडल अध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों से विचार-विमर्श कर प्रमुख नेताओं तक पहुंचाए जाते हैं। इस अवसर पर संजय त्यागी, जसविंद्र चहल, मंडल महामंत्री बिजेंद्र पांचाल, सुनीता कश्यप, ईसम पांचाल, अनिल शर्मा, पवन गोगलिया, गुलशन चराया, रविंद्र पांचाल, जितेंद्र पटवा, नीरज पांचाल, परमजीत सगु, मनोज पांचाल आदि मौजूद रहे।

---

### मूर्तियां खंडित कर दानपात्र से नकदी चोरी करने वाला युवक काबू

**मुलाना।** गांव धनौरी में शनिवार को एक युवक ने खेत में गोगामेड़ी में घुसकर दानपात्र तोड़कर नकदी चोरी कर ली। यहां रखी मूर्तियों को भी खंडित कर दिया। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धनौरी के संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार दोपहर करीब 1:00 बजे जब वह मेड़ी में पहुंचे तो वहां दानपात्र टूटा था और मूर्तियां खंडित पड़ी थीं। सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर सुबह करीब 11:30 बजे एक युवक कंधे पर बैग टांगे और हाथ में तलवार लिए मेड़ी में घूमता दिखाई दिया। संदीप ने तुरंत गांव के युवाओं को सूचित किया। तलाशी के दौरान आरोपी धनौरी से कलावड़ रोड की ओर जाता दिखा।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद आरोपी की हुई पहचान**

---

# छह प्रीमियम ट्रेनों में लगाए जाएंगे अतिरिक्त कोच

**यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने उठाया कदम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लंबी दूरी सहित प्रीमियम ट्रेनों में लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए रेलवे ने छह ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का फैसला किया है। इन ट्रेनों में अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से निकलने वाली ट्रेन नंबर 19611 व 12 अजमेर-अमृतसर एक्सप्रेस सहित ट्रेन नंबर 12029 व 30 नई दिल्ली-अमृतसर स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस शामिल हैं। रेलवे की ओर से ट्रेन नंबर 12029 व 30 नई दिल्ली-अमृतसर-नई दिल्ली स्वर्ण शताब्दी में दो अतिरिक्त एसी चेयरकार कोच लगाए जाएंगे। ट्रेन में लंबी हो रही वेटिंग को देखते हुए यह फैसला किया है। यह कोच चार व पांच जनवरी को लगेंगे। इसके अलावा ट्रेन नंबर 19613 अजमेर-अमृतसर एक्सप्रेस में अजमेर से 5 से 28 जनवरी तक तथा अमृतसर से 6 से 29 जनवरी तक स्लीपर क्लास



का एक कोच लगाया जाएगा।इसी प्रकार ट्रेन नंबर 12985 जयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला डबल डेकर ट्रेन में 4 से 31 जनवरी तक एसी चेयरकार का एक, ट्रेन नंबर 14322 जयपुर-रेवाडी ट्रेन में जनरल क्लास के पांच अतिरिक्त कोच, भिवानी-मथुरा ट्रेन में भिवानी से 4 जनवरी से 2 फरवरी तक व मथुरा से 5 जनवरी से 3 फरवरी तक जनरल क्लास के तीन कोच, हिसार-जयपुर ट्रेन में हिसार से 4 से 31 जनवरी तक, जबकि जयपुर से 5 जनवरी से 3 फरवरी तक जनरल क्लास के दो कोच, जयपुर-बठिंडा ट्रेन में 4 जनवरी से 1 फरवरी तक जनरल क्लास के दो अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे।

---

# केंचुआ खाद प्लांट लगाने के नाम पर ठगी, आरोपी काबू



बराड़ा। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

मुलाना पुलिस ने खेत में केंचुआ खाद प्लांट लगाने के नाम पर की गई धोखाधड़ी के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी जोगिंद्र राज को काबू किया है। इस मामले में इससे पहले भी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस चौकी कलालटी के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक विश्व बंधु ने बताया कि इस संबंध में शिकायतकर्ता राजकुमार वासी गांव नोहनी ने 30 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी लाभ सिंह, राकेश व अन्य ने आपसी मिलीभगत से उसके खेत में केंचुआ खाद का प्लांट लगाने के नाम पर उससे मोटी रकम की धोखाधड़ी की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान तीसरे आरोपी जोगिंद्र राज को गिरफ्तार किया गया।

---

**मौसम** तापमान गिरकर न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस पर आया

**बच्चों एवं बुजुर्गों पर भारी पड़ रही सर्दी**

# शीतलहर व घने कोहरे से जन जीवन प्रभावित ठंड के कारण दिनभर लोग घरों में दुबके रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नव वर्ष 2026 का आगमन हुए चार दिन हो गए हैं। मगर जिले में आसमान में धुंध के बादल छाए रहने, शीतलहर चलने और घने कोहरे का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को भी जिले में दिन भर घनी धुंध व आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बढ़ने से लोग घरों में दुबकने पर मजबूर हो गए। ठंड बढ़ने से बच्चों और बुजूर्गों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार को अल सुबह से ही जिले में जहां दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। वहीं, आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और शीत लहर चलने से लोगों की कंपकंपी छुटी रही।







यमुनानगर। यमुनानगर में रविवार को घनी धुंध में से गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि

### ठंड के कारण दुकानें जल्दी बंद कर घर चले गए

रविवार को भी दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। आलम यह रहा कि मौसम में अधिक ठंड बढ़ने के कारण बाजारों में भी वीरानी छाई रही और दुकानदार अपनी दुकानों में हीटर सेंकते हुए दिखाई दिए। अधिकांश दुकानदार शाम को ठंड के कारण दुकाने जल्दी बंद कर घर चले गए। हालांकि दोपहर बाद सूर्य देव ने बादलों से बाहर निकलने का प्रयास किया। मगर धूप नहीं निकली।

### ठंड में बच्चे और बुजुर्ग बरतें ऐहतियात

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश कुमार ने मौसम में ठंड बढ़ने पर लोगों को ऐहतियात बरतने की सलाह दी। उनका कहना है कि मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चों में निमोनिया व डायरिया की शिकायत हो जाती है। वहीं, बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत, छाती इन्फेक्शन, एलर्जी की समस्याएं आती हैं। इसके अलावा जोड़ों का दर्द भी महसूस होता है। इसलिए उन्हें अलाव का सहारा लेना चाहिए और ज्यादातर समय राजाई में व्यतीत करना चाहिए। ठंड बढ़ने के कारण रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेलसियस व न्यूनतम छह डिग्रीसेल्सियस रहा।

## खबर संक्षेप

### अलीपुर खालसा के अध्यापक कर रहे शिक्षा से वंचित बच्चों का सर्वे

**घरौंडा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलीपुर खालसा के शिक्षक गली गली घूम कर शिक्षा से वंचित 6 से 19 वर्ष के बच्चों को ढूंढ़ कर उनका डाटा तैयार कर रहे हैं ।प्रधानाचार्य विनोद सैनी ने बताया कि यह सर्वे 1से 9जनवरी तक चलेगा ;जिसमें ऐसे बच्चों की पहचान की जाएगी जो कभी स्कूल ही नहीं गए या फिर स्कूल छोड़ कर चले गए हैं ।विद्यालय के सभी अध्यापक टोलियाँ बनाकर खासकर ऐसे क्षेत्रों के बच्चों और उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं ;जो आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े हैं । इस सर्वे के लिये सरपंच,पंच,आंगनवाड़ीवर्कर,एसएमसी सदस्यों की सहायता ली जा रही है ताकि बच्चों की सटीक जानकारी मिल सकें ।प्रवक्ता राजेश कुमार,भगत राम, राममेहर, सुभाष रतिभा, सोनिया,ईशा गुप्ता, मीनाक्षी ने बताया कि हमे अभी तक ऐसे 2 बच्चें मिले हैं जो कक्षा 9 वीं में स्कूल छोड़ कर काम सीख रहे हैं उनके माता पिता को समझाया गया है वे अब अपनी स्कूली शिक्षा पूरी

### आपदा के समय सजगता सबसे बड़ा बचाव: रश्मि

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल अर्बन एस्टेट जींद की एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित किया जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन स्वयंसेवकों को अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में हरियाणा फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज जींद की टीम की ओर से सतपाल सिंधु, संदीप सिंह, सुशील मलिक द्वारा विद्यार्थियों को आग से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने इस अवसर पर कहा कि आपदा के समय सजगता, धैर्य और सही प्रशिक्षण ही सबसे बड़ा बचाव होता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्रों में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने स्वयंसेवकों को आग लगने के कारणों, आग के विभिन्न प्रकारों तथा उन्हें नियंत्रित करने के सुरक्षित तरीकों के बारे में बताया। इस अवसर पर शिल्पा सचदेवा, रामेश्वर सहायक, स्वयंसेवकों सुमित, पुलकित, शिवांग, अजय, वंशिका, आदि मौजूद रहे।

### हेरोइन के साथ दो को किया गिरफ्तार

**जींद।** पुलिस द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गढ़ी पुलिस ने 7.28 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी कमलदीप ने बताया कि उपनिरीक्षक इकबाल सिंह के नेतृत्व में टीम गांव गढ़ी बस अड्डा के पास अपराध रोकथाम ड्यूटी पर मौजूद थे। तभी सूचना मिली कि चीका (कैथल) निवासी सोनू तथा राहुल मोटरसाइकिल पर नशीला पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) बेचने की फिराक में पिपलथा से गढ़ी की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने नहर पुल के पास गढ़ी-पिपलथा रोड पर नाकाबंदी की। एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर मुडऩे लगे। पुलिस ने रोक कर तलाशी ली तो आरोपित राहुल की जैकेट की जेब से एक काली पॉलिथीन में 7.28 ग्राम हेरोइन हेरोइन बरामद हुई।

---

गुरुद्वारा डेरा कार सेवा, कलंदरी गेट करनाल में गुरमति समागम

# गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

- गुरमति समागम में बाहर से आए रागी-ढांडी जत्थों ने गुरु की महिमा का गुणगान किया
- श्रद्धालुओं ने गुरु के समक्ष मत्था टेक सुख-समृद्धि की कामना की
- गुरुपर्व प्रबंध कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह और हरमीत सिंह हैप्पी ने अतिथियों को सिरोपा भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व डेरा कार सेवा गुरुद्वारा, कलंदरी गेट करनाल में श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। पंथ सेवक बाबा सुक्खा सिंह जी कार सेवा वालों की देख-रेख में गुरुपर्व प्रबंध कमेटी द्वारा विशेष दीवान सजाया गया, जिसमें सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। गुरमति समागम में बाहर से आए रागी-ढाडी जत्थों ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। गुरुद्वारा परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया और दिनभर गुरु का अटूट लंगर बरता गया। श्रद्धालुओं ने गुरु के समक्ष मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा तथा श्रवण विकलांग केंद्र की चेयरमैन मेघा भंडारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति गुरुद्वारा पहुंचे। गुरुपर्व प्रबंध कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह और हरमीत सिंह हैप्पी ने अतिथियों का सिरोपा भेंट कर स्वागत किया।

#### छात्रों ने भी गुरुवाणी पाठ प्रस्तुत किया

*गुरुपर्व प्रबंध कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह और महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा डेरा कार सेवा में प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक तथा सायं 6 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक गुरमति समागम आयोजित हुआ। समागम में श्री दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई नरेंद्र सिंह, भाई गुरदित सिंह, अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट कविशर भाई सुच्चा सिंह, भाई गुरसेवक सिंह, भाई अमृतपाल सिंह सहित अन्य रागी जत्थों ने गुरुवाणी का गायन किया। इस अवसर पर गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी गुरुवाणी पाठ प्रस्तुत किया। नितनेम और रहरास साहिब के पाठ की सेवा भाई मंजूर सिंह और भाई गुरप्रीत सिंह ने निभाई। मंच संचालन भाई गुलाब सिंह और भाई दर्शन सिंह ने किया। कार्यक्रम में रतन सिंह, हरप्रीत नरूला, गुरपाल सिंह डोनी, कुलदीप मक्कड़, तेजेंद्र सिंह डिम्पी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।*

---



## हुनर और विदेशी भाषाओं को सीखें युवा : मनोहर लाल

- पंचजन्य-2026 कार्यक्रम में 210 युवाओं को विदेश के लिए ऑफर लेटर वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास और विदेशी भाषाओं पर भी ध्यान दें। हुनर के बिना डिग्री केवल सजावट बनकर रह जाती है।

कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित पंचजन्य-2026 कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश के 210 युवाओं को दुबई में रोजगार के लिए ऑफर लेटर दिए गए हैं। सरकार पासपोर्ट, वीजा और विदेश में सुरक्षा की पूरी गारंटी देती है, जबकि अवैध मार्गों से जाने पर कोई सुरक्षा नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती युवा आबादी हमारी सबसे बड़ी संपदा है। हरियाणा के युवाओं में विशेष प्रतिभा है, चाहे खेल हो, तकनीक हो या रक्षा सेवाएं। कार्यक्रम में खेल, युवा एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि राज्य सरकार ने बिना पर्ची-बिना खर्ची की व्यवस्था लागू कर युवाओं के लिए पारदर्शी रोजगार प्रणाली विकसित की है।

विदेश सहयोग विभाग की आयुक्त एवं सचिव अवनीत पी. कुमार ने बताया कि भविष्य में जर्मन, जापानी, फ्रेंच और अंग्रेजी भाषाओं के लिए विशेष कोचिंग सेंटर खोले जाएंगे, जिनमें एक सेंटर करनाल में भी स्थापित होगा।

---

## करनाल की अनाज मंडियों में धान घोटाले की सीबीआई जांच हो : मैहला

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने करनाल जिला की मंडियों में बड़े स्तर पर धान घोटाले का आरोप लगाते हुए इसकी जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से करवाने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि करनाल की लगभग हर मंडी में धान खरीद के दौरान भारी अनियमितताएं हुई हैं और यह घोटाला हजारों करोड़ रुपये का है।

यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि करनाल की कोई भी मंडी ऐसी नहीं बची जहां धान घोटाला न हुआ हो। यदि निष्पक्ष और गहन जांच करवाई जाए तो यह घोटाला छह हजार करोड़ रुपये से भी अधिक का सामने आ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि धान सीजन शुरू होने के बाद से लगातार दो महीनों से एक के बाद एक घोटाले उजागर हो रहे हैं, लेकिन करनाल पुलिस और प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बहादुर मैहला ने कहा कि अब तक जो मामले दर्ज किए गए हैं, उनमें भी कार्रवाई केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित रही है। दो महीने पहले दर्ज मामलों में भी न तो पूरी जांच हुई और न ही दोषियों को सजा दिलाने की दिशा में कोई प्रभावी कदम उठाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि घोटालेबाज राइस मिलर, आढ़ती, ट्रांसपोर्टर और कुछ अधिकारी मिलकर किसानों के हक पर डाका डाल रहे हैं और हजारों करोड़ रुपये की रकम हड़प कर मौज कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है, उनमें से कई अभी तक फरार हैं, लेकिन उन्हें पकड़ने के लिए प्रशासन की ओर से कोई गंभीर प्रयास नजर नहीं आ रहा। यूनियन का आरोप है कि सरकार और प्रशासन का रवैया ढुलमुल है, जिससे घोटालेबाजों के हौसले और बढ़ गए हैं।

भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने स्पष्ट रूप से मांग की कि अब इस पूरे धान घोटाले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपी जाए, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके और किसानों के साथ धोखा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

---

### पंचामृत स्नान, सामूहिक मंत्रोच्चार और भजनों से गूंजा मंदिर परिसर



**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में हर रविवार की परंपरा के अनुसार सुबह शिव स्तुति का पाठ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। फूलों से सुसज्जित शिवलिंग के दर्शन से मंदिर परिसर में विशेष आध्यात्मिक वातावरण बन गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का दूध, दही, घी, शक्कर और शहद से पंचामृत स्नान कराया तथा बेलपत्र, गुलाल और फल अर्पित किए। मंदिर में सामूहिक रूप से पंचाक्षरी मंत्रों का पाठ किया गया। इस दौरान वीणा सेठ, सुशील मदान और संगीता बत्रा द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सायंकालीन समय मंदिर में श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया।

---

## शिम्पी और निकिता ने हरियाणा-हिमाचल के सीबीएसई स्कूलों में लहराया परचम

- विद्यार्थियों में गणितीय क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आर्यभट्ट मैथ चैलेंज शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



**तरावड़ी।** नरसिंह दास विद्यालय के स्टूडेंट्स का मुंह मीठा करवाते डायरेक्टर धर्मेंद्र खेड़ा व स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन ने स्टूडेंट्स के गणित के डर को कम करने और उनकी गणितीय क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आर्यभट्ट मैथ चैलेंज शुरू किया। टीचर्स से मोटिवेट होकर, नरसिंह दास विद्यालय के स्टूडेंट्स ने भी इसमें हिस्सा लिया। मैथ चैलेंज दो फेज में हुआ। सीबीएसई पंचकूला के अंतर्गत हरियाणा और हिमाचल के सीबीएसई स्कूलों के क्लास 8, 9 और 10 के हजारों स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। जिसमें स्टूडेंट्स ने अपनी शानदार प्रतिभा दिखाई। इस कॉम्पिटिशन में नीलोखेड़ी ब्लॉक और तरावड़ी क्षेत्र से स्कूल के विद्यार्थी शिम्पी और निकिता ने अपनी काबिलियत से स्कूल का नाम रोशन किया और दोनों राज्यों में से टॉप 100 विद्यार्थीयों में से आठवां और अठारहवां रैंक हासिल किया।

स्कूल अध्यक्षा मधु गुप्ता ने दोनों बेटियों,उनके अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी। स्कूल डायरेक्टर धर्मेंद्र खेड़ा ने सभी स्टाफ का और बच्चों के अभिभावकों का मुंह मीठा करवा के बधाई दी और कहा कि स्टूडेंट्स को मैथ चैलेंज में जोश के साथ हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह प्रोग्राम स्टूडेंट्स को अपनी गणितीय स्किल्स और काबिलियत को पहचानने और डेवलप करने का मौका देता है। अध्यापक मुनीश मित्तल, भवनीश वधवा और दीपक डुडेजा ने इस प्रोग्राम को सफल किया।

---

## विवेकानंद जयंती पर कॉलेजों में होगी स्वदेशी संकल्प दौड़

**12 जनवरी को युवा संकल्प दिवस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



- स्वदेशी अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है और निर्माण उद्योग को नई गति मिल रही है।

देशभर के कॉलेजों में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर "रन फॉर स्वदेशी", स्वदेशी, स्वाभिमान और स्वावलंबन को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती तक चलेंगे।

स्वर्णिम भारत स्वावलंबन ट्रस्ट के चेयरमैन तथा स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय पालक सतीश चावला ने बताया कि करनाल सहित हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में स्वदेशी संकल्प दौड़ आयोजित की जाएगी। इसके साथ-साथ भाषण प्रतियोगिताएं भी होंगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को "जॉब सीकर नहीं, जॉब प्रोवाइडर" बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। स्वदेशी अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है और निर्माण उद्योग को नई गति मिल रही है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता कॉलेजों से संपर्क कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश प्रमुख सुरेश पुरी और देवेंद्र अरोड़ा ने भी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

---

## राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घरौंडा में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में घरौंडा नगरपालिका के चेयरमैन हैप्पी लक, विशिष्ट अतिथि के रूप में एनएसएस जिला समन्वयक सूबा सिंह तथा पार्षद सोमनाथ प्रजापत,पूर्व पार्षद जयभगवान व अन्य पार्षदो ने शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री इंद्रजीत कालिया ने आए हुए अतिथियों का स्वागत फूलमालाएं पहनाकर और 'पौधा' भेंट करके किया।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री हैप्पी लक ने बच्चों को समाज सेवा के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया तथा विद्यार्थियों को संबोधित कर निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। शिक्षा ही सामाजिक समरसता, समान अवसर और राष्ट्र की प्रगति का सशक्त आधार है। इस कार्यक्रम हेतु मुख्य अतिथि महोदय ने आयोजनकर्ताओं को हार्दिक साधुवाद एवं अभिनंदन किया एवं विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं ।

विशिष्ट अतिथि सूबा सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उनके द्वारा सात दिनों में किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री इंद्रजीत कालिया जी ने मुख्य अतिथि हैप्पी लक , विशिष्ट अतिथि सूबा सिंह , सोमनाथ प्रजापत और अन्य सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। उन्होंने अतिथियों का कीमती समय देने के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन के लिए एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर कुलदीप सिंह और पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने गौरवपूर्ण तरीके से राष्ट्रगान गाया, जिसके साथ सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ और 50 स्वयंसेवक मौजूद रहे।

#### उज्जवल भविष्य की कामना

*नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक ने सभी स्वयंसेवकों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए मेडल वितरित किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर कुलदीप सिंह ने शिविर की पूरी रिपोर्ट साझा की और बताया कि किस प्रकार विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहकर सामाजिक दायित्वों को निभाया।*

---

## छीने गए मोबाइल समेत दो आरोपी किए गिरफ्तार



**करनाल।** प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किए गए आरोपी।

- अपहरण व मारपीट के बाद कार नकदी और मोबाइल लूटे थे

**करनाल।**अपहरण और लूट के एक मामले में मधुबन थाना पुलिस ने दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने लिफ्ट मांगकर कार में बैठने के बाद चालक को बंधक बनाया, उसके साथ मारपीट की और कार, नकदी व मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए थे। 2 दिसंबर 2025 को पंजाब के कोटली देवन गांव निवासी जसप्रीत सिंह लखनऊ से नई मारुति कार लेकर आ रहा था। दिल्ली में करनाल बाईपास के पास आरोपियों ने लिफ्ट मांगी। बस्ताडा टोल प्लाजा के पास भोजन के बाद एक आरोपी ने तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर कार रुकवाई और वारदात को अंजाम दिया। मधुबन थाना पुलिस ने दिल्ली के बुराड़ी निवासी अंकित और साउथ दिल्ली के काबा मोहल्ला निवासी राहुल को सोनीपत जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया, जिसके दौरान छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है।

---

## कुंजपुरा में शराब के ठेके के सामने कचरे के ढेर में मिला युवक का शव

**नशे का आदी था मृतक, परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार**

- प्रथम दृष्टया सर्दी के कारण मौत होने की जताई जा रही आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



**करनाल।** कुंजपुरा में ठेके के सामने कचरे के ढेर के पास मिला शव।

कुंजपुरा क्षेत्र में शराब के ठेके के सामने कचरे के ढेर के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव अकड़ी अवस्था में पड़ा मिला, जिससे प्रथम दृष्टया सर्दी के कारण मौत की आशंका जताई जा रही है।

राहगीरों ने युवक को बेसुध हालत में देखकर डायल-112 पर सूचना दी। ईआरवी-419 के इंचार्ज रोहित अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कुंजपुरा थाना पुलिस और जांच अधिकारी हरीश ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव की तलाशी के दौरान कोई पहचान पत्र नहीं मिला।

आसपास के लोगों की मदद से मृतक की पहचान वजीदपुर निवासी राजेश के रूप में हुई, जिसकी उम्र करीब 35 वर्ष बताई गई। परिजनों ने बताया कि वह शराब का आदी था और अधिकतर समय घर से बाहर ही रहता था। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। सभी औपचारिकताएं पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।

---

**बैठक** परशुराम धर्मशाला मुनक में खंड प्रधान सूरत शर्मा ने की अध्यक्षता

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने बैठक में किया राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर मंथन

राष्ट्रीय सम्मेलन 22 व 23 फरवरी 2026 को सैनी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा

- बैठक परशुराम धर्मशाला मुनक में खंड प्रधान सूरत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई
- कुरुक्षेत्र में होने वाले दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल




**करनाल।** परशुराम धर्मशाला मुनक में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक मुनक की बैठक परशुराम धर्मशाला मुनक में खंड प्रधान सूरत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन बलराज सिंह ने किया। बैठक में दयानंद मान, माईचंद शर्मा, महेंद्र मान, सुरेंद्र रावत, मनोहर लाल, यशपाल कालरम सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में कुरुक्षेत्र में होने वाले दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

वक्ताओं ने बताया कि यह सम्मेलन 22 व 23 फरवरी 2026 को सैनी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों, कार्पोरेशनों और मान्यता प्राप्त संस्थाओं से जुड़े सेवानिवृत्त कर्मचारी भाग लेंगे। सम्मेलन में आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

#### सदस्यता अभियान तेज होगा

बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान तेज करने, साथियों के लंबित कार्यों को लिखित रूप में एकत्र करने तथा तानाशाही प्रवृत्तियों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने पर सहमति बनी। इस अवसर पर अनेक सदस्यों ने संगठन को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

## खबर संक्षेप



### स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत व पानी बचाएं, बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 13 -17 के वृंदा एक्लेव के बच्चों ने रविवार को समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने रैली निकाली और नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने व उनकी जवान होने तक देखभाल करने का संदेश दिया। वहीं, बच्चों ने रैली के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता को अपनाने व प्लास्टिक का त्याग करने की अपील की। रैली के दौरान बच्चे अपने हाथों में रंगबिरंगे स्लोगन लिखे पोस्टर और तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत व पानी बचाएं जीवन बचाएं जैसे प्रेरणादायक स्लोगन लिखे हुए थे। वहीं स्थानीय नागरिकों द्वारा बच्चों के प्रयास की सहाराना की गई।



### सद्भावना के साथ जीवन यापन करें नागरिक

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 25 ब्रह्माकुमारी सेंटर द्वारा धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं का स्नेह मिलन एवं सामाजिक चिंतन कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर सेंटर की मुख्य संचालिका बीके अंजना, राजयोगिनी बीके सरला दीदी पानीपत सर्कल इंचार्ज, वीरेंद्र बडख़ालसा, महामंडलेश्वर श्री राघवेंद्र भारती निरंजनी अखाड़ा रोहतक, राजेश गोयल, विधायक खरखोदा पवन, संदीप जिंदल, मुकेश बोस, जगदीश धमीजा सीए, सोनू गोयल, अमित गुप्ता, वेद पराशर, रामनिवास गुप्ता, रमेश माटा, ज्योति भाटिया, कृष्ण रेवड़ी, सुरेश तायल, सतीश गोयल, सुरेश काबरा, सविता आर्य आदि उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों ने प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान लिया

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजाखेड़ी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के चौथे दिन प्रधानाचार्या सुमित्रा सांगवान के नेतृत्व में रेड क्रॉस से शशि कला भारद्वाज ने बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सडक़ पर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के साथ कैसे व्यवहार करना चाहिए। लो ब्लड प्रेशर, हाई प्रेशर, करंट लगे व्यक्ति का कैसे प्राथमिक उपचार करना चाहिए, कैसे बचाव किया जाना चाहिए आदि सभी प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तार से बच्चों को जानकारी दी। एनएसएस प्रभारी संजीव कुमार शास्त्री ने बताया कि बच्चे कैंप में बहुत जिज्ञासा से सीख रहे हैं। इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता प्रमोद कुमार, चौकीदार सत्यवान, माली महेश कुमार व संजीव कुमार शास्त्री उपस्थित रहे।



### हमारा लक्ष्य विषय पर किया चिंतन

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती उत्तर क्षेत्र का क्षेत्रीय पूर्णकालिक एवं समयदानी कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग संस्कृति भवन, कुरुक्षेत्र में 3 से 6 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। अभ्यास वर्ग के द्वितीय सामूहिक सत्र में हमारा लक्ष्य विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन एवं चिंतन हुआ। सत्र में उत्तर क्षेत्र के माननीय संगठन मंत्री विजय कुमार नड्डा, सह संगठन मंत्री बाल कृष्ण, महामंत्री दिला राम चौहान तथा ग्रामीण शिक्षा समिति हरियाणा के अध्यक्ष हरभजन सिंह उपस्थित रहे। विषय का मार्गदर्शन दिला राम चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति हेतु चिंतन, मनन और प्रभावी क्रियान्वयन अनिवार्य है तथा समय के साथ हमारे लक्ष्य में आवश्यक परिवर्तन हुआ है।

ग्रीनमैन प्रो. दलजीत ने शुरू की पर्यावरणीय श्रद्धांजलि की पहल

# पांच बार विधायक रहे फतेचंद की जयंती पर 501 कपूर-तुलसी बांटी



**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज के साथ नागरिकों को तुलसी के पौधे बांटते हुए ग्रीनमैन प्रो. दलजीत। *फोटो : हरिभूमि*

- कार्यक्रम में हर्बल पौधों का लंगर" लगाकर लोगों को दिया स्वास्थ्य और पर्यावरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत से पांच बार विधायक रहे व पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के पिता फतेह चंद विज की जयंती पर देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रीनमैन दलजीत कुमार द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता हुआ एक अनोखा "हर्बल पौधों का लंगर" लगाया गया। इस अवसर पर 501 कपूर तुलसी के पौधे विधायक प्रमोद विज और विधायक परिवार के हाथ आम नागरिकों में वितरित करवाए गए। इस आयोजन में शहर की अनेक जानी-मानी हस्तियां गजेंद्र सलूजा प्रतिनिधि मनोहर लाल केंद्रीय मंत्री, कोमल सैनी मेयर पानीपत, प्रदेश महामन्त्री डॉ अर्चना गुप्ता, पानीपत जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, सुनील कपूर नौल्था, डीएसपी सतीश सैनी, समाजसेवी चमनलाल गुलाटी, एडवोकेट आशुनन्दा, इंदु कुकरेजा, मधु शुक्ला समाजसेवी गौरव लीखा, दिनेश शर्मा, संदीप कल्याणी, विजेंदर मलिक सहित शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमियों ने हर्बल लंगर में पौधे वितरित किए। सभी ने इस अभिनव पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि यह लंगर केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि समाज को प्रकृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। लोगों ने प्रो. दलजीत कुमार को पर्यावरण को जन-आंदोलन बनाने वाला व्यक्तित्व बताया। वहीं, विधायक प्रमोद विज ने कहा कि "ग्रीन मैन प्रो. दलजीत कुमार जिस निष्ठा और समर्पण के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। मेरे पिताजी की स्मृति में पौधों का लंगर लगाना एक स्थायी और सार्थक श्रद्धांजलि है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी।

### निर्धनों की मदद करना पुण्य कार्य : महीपाल

- जन सेवा दल ने जरूरतमंदों को मासिक राशन बांटा

**पानीपत।** जन सेवा दल द्वारा मासिक राशन वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को सत्संग भजन, भंडारा के उपरांत जरूरतमंद लोगों राशन, गुड, शाल, कम्बल वितरित किए गए। इस पुण्य समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा उपस्थित रहे। उन्होंने साधनहीन जरूरतमंदों की सेवा के संकल्प की सराहना की व हरियाणा सरकार द्वारा घोषित सेवा योजनाओं का विवरण देकर लोगों से सिविल अस्पताल से लाभ उठाने का आग्रह किया। जन सेव दल के प्रधान कृष्ण मनचंदा व महासचिव चमन गुलाटी ने मुख्य अतिथि मंत्री ढांडा का पगड़ी और दोशाला से अभिनंदन करते हुए कहा कि जन सेवा दल और अपना आशियाना नगर में सेवा का मुख्य केंद्र है जो साधनहीन एवं जरूरतमंदों की मदद में निरंतर सहयोग करते हुए ईश्वर से उनकी कुशलता की कामना करता है। वहीं राजेंद्र रतन, राधे राधे महाराज व श्री ब्रह्मर्षिजी ने सत्संग किया। इस अवसर पर प्रधान कृष्ण मनचंदा, महासचिव चमन गुलाटी, धर्मप्रचारक युधिष्ठिर शर्मा, सूर सम्राट लेखराज जताना, राकेश गांधी, राजू कथूरिया, शाम लाल खूंगर, अशोक अरोड़ा, प्रेम खुराना, अशोक मिगलानी, कमल गुलाटी, सूरज भान फौजी, यश बांगा, नारायण कपूर, ओम प्रकाश व राजपाल आदि उपस्थित रहे।



जन सेवा दल के पदाधिकारी मंत्री महीपाल ढांडा को सम्मानित करते हुए।



**पानीपत।** नवकार सेवा समिति और दुर्गा स्माइल फाउंडेशन कंबल बांटते हुए।

### मजदूरों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल बांटे

**पानीपत।** नवकार सेवा समिति और दुर्गा स्माइल फाउंडेशन की तरफ से रविवार को गौशाला में मजदूर कर्मचारियों को कंबल वितरण किया गया। जिसमें प्रधान संजना बजाज और प्रोमिला लठवाल ने कहा कि हमें ये नेक काम करते रहना चाहिए। ये सेवा हमारी पूरी टीम के सहयोग से हुआ हुई। इसके साथ साथ नवकार सेवा समिति ओर दुर्गा स्माइल फाउंडेशन ने जो पुलिस कर्मचारी चौक पे इतनी ठंड में खड़े होकर हमारे लिए सेवा करते हैं आज देशवाल चौक पर उनको भी गर्म शॉल और ट्रॉफी देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर टीम में धर्मवीर राठी, मंजीत कपूर, रिया, जया, रीवा, कविता, ज्योति अरोड़ा, अश्वनी शर्मा, मनीष, बिजेंद्र बेनीवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्रमोद चोपड़ा बने क्षत्रीय वंशी सुनार सभा के प्रधान, दी बधाई



**पानीपत।** क्षत्रीय वंशी सुनार सभा के नवनियुक्त पदाधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के तहसील कैम्प स्थित विद्या पब्लिक स्कूल में क्षत्रीय वंशी सुनार सभा की बैठक में सर्वसम्मति से प्रमोद चोपड़ा को क्षत्रीय वंशी सुनार सभा का प्रधान चुना गया। वहीं, प्रमोद चोपड़ा ने कहा कि सभा का गठन सुनार बिरादरी की तरक्की के लिए किया गया है। इधर, सभा के सरपरस्त हरीश मल्होत्रा ने बताया कि जल्द ही सभा का परिवार मिलन समारोह करवाया जाएगा। इधर, बैठक में सर्वसम्मति से वेद प्रकाश चोपड़ा व हरीश मल्होत्रा को क्षत्रीय वंशी सुनार सभा का सरपरस्त, कंवर कृष्ण लूथरा व केवल वर्मा को उपाध्यक्ष, शिक्षाविद् व साहित्यकार कमल नयन वर्मा को सचिव, जगदीश चोपड़ा कोषाध्यक्ष, नरेंद्र वर्मा को कानूनी सलाहकार, टेकचंद को प्रबंधक चुनाया गया। वहीं कंवर भान वर्मा, दिनेश वर्मा, अमन चोपड़ा, किशोर वर्मा, किशोर मल्होत्रा, नारायण दास वर्मा, विजय सहगल, सुभाष सोनी, बंटी वर्मा, कंवर भान सम्मी, बॉबी वर्मा, डॉ मनोहर लाल, मोहित सम्मी, टोपन दास वर्मा, सिम्पी, प्रवेश सोनी, रवि मल्होत्रा, सुरेन्द्र चोपड़ा, विनोद वर्मा व देव वर्मा को सभा की कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गय है।

# गीता संस्कृति का आभूषण: ज्ञानानंद

- गीता ज्ञान संस्थानम में पांच दिवसीय गीता चिंतन शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गीता में अमृत का भंडार भरा हुआ है और सभी ग्रंथों का सार गीता में है। गीता संस्कृति का आभूषण है और सारा प्रदूषण दूर करती है। गीता मनीषी जीओ गीता द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित पांच दिवसीय गीता चिंतन शिविर को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व दीप प्रज्वलित करके गीता मनीषी ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड सहित अनेक प्रदेशों के 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि गीता प्रेम का पाठ पढ़ाकर भेदभाव को दूर करती है और पूरे विश्व को एक परिवार मानती है। श्रीकृष्ण भगवान की अनेक विभूतियों का वर्णन गीता में है। महाभारत के युद्ध में अर्जुन जब मोह ग्रस्त हो गया तो भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को निमित्त मानकर सारे विश्व के लिए गीता उपदेश दिया। इस अवसर पर ज्ञानानंद महाराज जी के सान्निध्य में मंगला आरती एवं हवन आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता के प्रधान डा. ऋषिपाल की ओर से सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया कि वे खिचड़ी उत्सव के दूसरे दिन पांच जनवरी को प्रातः साढ़े छह बजे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

### लालद्वारा मंदिर में योगीराज बाबा लाल दयालजी का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित

**थानेसर।** वशिष्ठ कॉलोनी स्थित श्री लालद्वारा मंदिर में वैष्णवाचार्य, अन्नतविभूषित योगीराज बाबा लाल दयाल जी महाराज का वार्षिक कार्यक्रम हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सत्संग,भक्ति प्रवचन और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव वेद आनन्द एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा सुनाए गए भजन /"तुसी देई जांदे हो अस्सी लेई जांदे हां और /"बंसी वाले तू बंसी बजा दे/"..... सुनाकर समां बांधा। कार्यक्रम में नगर परिषद् थानेसर की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने शिरकत करते हुए महामंडलेश्वर महंत रमेश दास शास्त्री दातापुर/रामपुर हलेड़ धाम (पंजाब) के गद्दीनशीन महंत रमेश दास शास्त्री से आशीर्वाद लिया। भक्ति प्रवचनों में महंत रमेश दास शास्त्री ने कहा कि सतगुरू बाबा लाल दयाल जी ऐसे महापुरूष हुए है, जिनका चिंतन और दर्शन विश्व के लिए नवीन मार्ग प्रशस्त करता है।



## खबर संक्षेप

### कबड्डी ट्रायल आज पानीपत में

**पानीपत।** कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 19वीं सर्कल नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला वर्ग) का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक गुरुद्वारा साहिब, बाजपुर, नैनीताल (उत्तराखंड) में किया जाएगा, जिसमें देश के सभी राज्य टीमें भाग लेंगी। हरियाणा राज्य की पुरुष एवं महिला कबड्डी टीमों के चयन के लिए राज्य स्तरीय ट्रायल पांच जनवरी को पानीपत जिला के गांव गांव सुताना में आयोजित किया जाएगा। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों का चयन उनकी शारीरिक क्षमता, तकनीकी कौशल, खेल समझ एवं समग्र प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

### सत्संग व भजन गाए

**पानीपत।** श्री सतगुरु राम रतन पारब्रह्म दरबार ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य राकेश पांचाल सत्संग व भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जगदीश पांचाल, देशपाल पांचाल, निशु धीमान, अनीता पुंडीर, अनीता त्यागी, मनोज पांचाल, मिथुन सिंह पाल, सुनील त्यागी, समय सिंह पाल, बृजमोहन त्यागी, विजेंद्र करनाल, उषा त्यागी, पूजा प्रणामी, नेहा, मधु त्यागी, पूरी प्रणामी, रजनी त्यागी, चित्रा त्यागी, कुसुम शर्मा, नवीन प्रणामी, प्रदीप व सपना आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भाजपा हर वर्ग की हितैषी-ढांडा

**पानीपत।** भाजपा काबड़ी मंडल की शक्ति केंद्र बूथ अध्यक्षों की बैठक हुई आज आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा रहे। मंत्री महीपाल ढांडा ने केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचने को लेकर कार्यकर्ताओं से विस्तार से चर्चा की। बैठक में काबड़ी मंडल के अध्यक्ष अतर सिंह प्रजापति, पार्षद कुसुम भट्ट, पार्षद मनजीत कौर, शक्ति केंद्र प्रमुख कपिल राणा, सुभाष शर्मा, पप्पू प्रजापति, मंडल महामंत्री नीरज पाल, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पा पासी, जसमेर देशवाल, नरेश प्रजापति, संजय चहल, मंडल सचिव कुलदीप मोंगा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### वीबीग्रामजी की प्रतियां जलाई

**समालखा।** पानीपत के गांव ढोडपुर में अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए 'वीबीग्रामजी' कानून का विरोध किया। यूनियन ने मनरेगा को बचाने और रोजगार के अधिकार की मांग करते हुए 'वीबीग्रामजी' की प्रतियों को सांकेतिक रूप से चूल्हे में जलाया। इस अवसर पर अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन की प्राथमिक इकाई और गांव कमेटी द्वारा सरोज देवी, यूनियन के राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र, रामकिशन, रीना, सुमन, सावित्री, रजनी, माया, नीरज आदि उपस्थित रहे।

### गंदे पानी के भराव से जनता परेशान

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना की हेड़ी कॉलोनी में गंदे पानी के जमाव से लोगों का जीवन मुश्किल हो गया है। करीब तीस साल पुरानी यह कॉलोनी इसराना की सर्विस लेन पर बसी है, जहां ज्यादातर गरीब परिवार रहते हैं। लगातार जमा हो रहे गंदे पानी से बदबू फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हेड़ी कॉलोनी निवासियों ने बीडीपीओ इसराना को शिकायत भेज कर इस समस्या के हल की मांग की है।

### पौष पूर्णिमा पर भंडारा लगाया

**पानीपत।** पानीपत के सलारगंज बाजार एसोसिएशन, निकट श्री हिन्दू सत्संग मन्दिर में पौष पूर्णिमा पर भगवान श्री सत्य नारायण की आरती वन्दन कर श्री हनुमान चालीसा का पावन पाठ किया करके विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर बाजार के सरपरस्त रवि भास्कर, प्रधान कीमत कपूर, चन्द्रभान वर्मा, विपिन ढींगड़ा, विशाल चावला, पंकज, विनोद मदान, राजकुमार भल्ला, बलजीत सिंह बन्टी, सोनू चुघ, बाबू भाई बरेजा प्रधान, शीतल ढींगड़ा, अशोक शर्मा, पुलकित कालड़ा, देवेन्द्र आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

### गली का निर्माण फिर लटका

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना की लक्ष्मी नगर कालोनी में पीएनबी बैंक के पीछे वाली गली का निर्माण कार्य फिर बंद हो गया है। इसके चलते इस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में परेशनी हो रहे है। इधर, डीडीपीओ राजेश शर्मा ने गली का निरीक्षण कर सरपंच को गली के निर्माण के निर्देश दिए थे।

### वेनेजुएला हमले की निंदा

**पानीपत।** भारत की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कमेटी सदस्य सुनील दत्त, जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक व राजपाल ने संयुक्त रूप से वेनेजुएला स्वतंत्र देश के ऊपर अमेरिका द्वारा किए गए हमले और वहां के राष्ट्रपति और उसकी पत्नी को रात्रि के समय में गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है।

### मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**पानीपत।** नॉर्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड प्रीवेंशन ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर खाद्य एवं औषधि विभाग में आइएसओ के पद पर जिला मुख्यालय पर संबंध अधिकारी को कथित रूप से रिश्वत देकर कराई गई पशुओं के डॉक्टरों की नियुक्ति को रद्द करने। उनके स्थान पर स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर की नियुक्ति करने के आदेश स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी को जारी कर ने की मांग की गई है।

### दलित किसान को मिलेगा अनुदान

**पानीपत।** राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने तथा आधुनिक कृषि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ट्रैक्टर पर अनुदान योजना वर्ष 2025–26 के अंतर्गत लागू की गई है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि इस योजना के तहत मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत ऐसे अनुसूचित जाति के किसान, जिनके नाम या परिवार पहचान पत्र के अंतर्गत परिवार के किसी सदस्य के नाम पर कृषि भूमि है, उन्हें 45 हॉर्स पावर अथवा उससे अधिक क्षमता वाले ट्रैक्टर की खरीद पर प्रति इकाई तीन लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

# हादसों को रोकने के लिए पत्थरों पर किया गया पैचवर्क : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

### मार्च माह में होगा सड़क का फाइनल निर्माण



मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर समालखा मार्ग पर हादसों को रोकने के लिए पत्थरों पर पैचवर्क किया गया है, इस सडक का फाइनल निर्माण मार्च माह में किया जाएगा। अभी तक ठेकेदार को इस कार्य की कोई पेमेंट नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि एसके रोड से समालखा तक करीब 700 मीटर का निर्माण कार्य मार्केटिंग बोर्ड की तरफ से किया जा रहा है। जब तक इस सडका का निर्माण कार्य पूरा नहीं होता, तब तक मार्केटिंग बोर्ड की तरफ से ठेकेदार की पेमेंट नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि कुछ समय पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह से आदेश पर एसके रोड से समालखा तक सडक का निर्माण कार्य मार्केटिंग बोर्ड ने शुरू किया था। इस सडक का निर्माण करने के लिए विभाग द्वारा पत्थरों को मार्ग पर डाला गया। उन्होंने कहा कि पत्थरों के कारण कुछ वाहन चालक फिसल गए। पत्थरों की वजह से आवाजाही में हो रही परेशानी को नागरिकों ने उन्हें अवगत करवाया।

जागरुकता | केवाईसी अपडेट की आड़ में होती है ठगी

# संदिग्ध कॉल या मैसेज पर विश्वास व बैंकिंग जानकारी सांझा ना करें : एसपी

- साइबर ठग स्वयं को बैंक अधिकारी के रूप में प्रस्तुत करते है, रहे सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे केवाईसी अपडेट करने के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सावधान रहें। साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरिके अपनाकर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे है। साइबर ठग अब केवाईसी अपडेट के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है। इधर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि साइबर ठग स्वयं को बैंक अधिकारी के रूप में प्रस्तुत करते है और फर्जी एसएमएस, कॉल या ई मेल कर यह कहते है कि यदि आपने अभी केवाईसी अपडेट नहीं कराया तो आपका खाता ब्लाक हो जाएगा। साइबर ठग केवाईसी अपडेट के बहाने लोगों से बैंक, यूपीआई और वॉलेट खातों की संवेदनशील जानकारी लेते है। फिर आगे की प्रक्रिया के बहाने ओटीपी नंबर लेकर बैंक खाते से रूपए निकाल लेते है। नागरिकों को ठगी का तब पता चलता है, जब उन्हें निकासी का मैसेज आता है। इधर, ठगी का शिकार हो जाने पर राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें, वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम थाना में रिपोर्ट दर्ज कराएं।

## खबर संक्षेप

### लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ने का लिया प्रण

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रातःकालीन सभा के साथ हुई। इसके बाद निर्धारित गतिविधियां आरंभ की गईं। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में गृह विज्ञान की प्रवक्ता प्रगति ने खाद्य संरक्षण विषय पर जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने खाद्य पदार्थों को सुरक्षित रखने की पारंपरिक एवं आधुनिक विधियों के बारे में विस्तार से बताया तथा अचार बनाने की विधि का प्रदर्शन भी किया। इसके पश्चात कुलदीप सिंह द्वारा करियर काउंसलिंग विषय पर एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी तथा लक्ष्य निर्धारण, रुचि एवं क्षमता के अनुसार सही मार्ग चुनने की आवश्यकता पर बल दिया तथा स्वयंसेवकों ने लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ने का प्रण लिया।

### पुलिस टीम ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर की बकरा मार्केट से अवैध शराब तस्करी मामले में पुलिस टीम ने आरोपी अभिषेक को 33 बोतल 1 अध्धा के साथ काबू किया है। उप निरीक्षक जय कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी अवैध शराब की तस्करी का कार्य करता है। सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में शराब जब्त की। आरोपी गैरकानूनी तरीके से शराब की तस्करी कर रहा था।

### जश्न में डूबे लोग, ढोल की थाप पर जमकर किया डांस

# अब ग्रामीणों को शहरों की तर्ज पर मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

- शहजादपुर को नगरपालिका का दर्जा मिलने के बाद जारी हुई अधिसूचना, सीएम नायब सैनी के गृह जिले में बनी तीसरी नगरपालिका, विकास के मामले में कस्बे की तस्वीर बदलने का दावा



अंबाला। नगरपालिका की अधिसूचना जारी होने पर लड्डू बांटते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राज्य सरकार द्वारा शहजादपुर को नगरपालिका का दर्जा देने की घोषणा के बाद अधिकारिक अधिसूचना भी जारी क दी। इसी खुशी में रविवार के जमकर जश्न मनाया गया। कस्बे के लोगों ने ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। बाजारों में लड्डू बांटकर सरकार के निर्णय व सीएम नायब सैनी का आभार जताया। इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर क्षेत्र में खुशी की लहर है। मुख्य मार्केट में भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लड्डू बांटकर एवं ढोल बजाकर खुशी का इजहार किया गया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 29 दिसंबर 2025 को ऐलान के बाद अब अधिसूचना जारी कर शहजादपुर को नगरपालिका का दर्जा दिया गया है। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है। संदीप सैनी ने कहा कि शहजादपुर को नगरपालिका का दर्जा मिलना क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे शहरी सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों को बेहतर आधारभूत ढांचा मिलेगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री की विकासोन्मुख सोच का परिणाम है जिससे विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।उन्होंने बताया कि अधिसूचना के तहत शहजादपुर, बपौली, माजरा, ऋषि नगर (डेहा बस्ती) एवं भुंड माजरी क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका शहजादपुर के गठन का प्रस्ताव किया गया है। नगरपालिका बनने से शहजादपुर क्षेत्र में सड़कों, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सफाई व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विकास होगा। इससे आमजन का जीवन स्तर सुधरेगा और क्षेत्र में रोजगार व व्यापार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय आम जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है। इस खुशी के मौके पर शहजादपुर बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय नागरिकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा ढोल की थाप पर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अश्वनी अग्रवाल, जिला महामंत्री श्री विवेक गुप्ता ,मंडल प्रधान विक्रम राणा, पूर्व जिला परिषद् वाईस चेयरमैन पवन गुर्जर, रणधीर सिंह भूरेवाला, बलदेव सलोला, हैप्पी शर्मा, मनोज कुमार सैनी उर्फ मोनू सैनी, विशाल शर्मा, नरेंद्र सैनी, संदीप चौधरी, राजकुमार सैनी, बलदेव शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### शहजादपुर बनी तीसरी नगरपालिका

जिले मे शहजादपुर से पहले नारायणगढ़ व बराड़ा नगरपालिक है। अब शहजादपुर तीसरी नगरपालिका बन गई है। अंबाला शहर में नगर निगम व अंबाला छावनी में नगर परिषद की व्यवस्था है। भाजपा नेताओं का मानना है कि अब शहजादपुर को नगरपालिक का दर्जा हासिल होने के बाद यहां विकास की बयार बहेगी। शहरों की तर्ज पर यहां भी ग्रामीणों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।



अंबाला। श्रद्धालुओं को संबोधित करती साध्वी भारती। फोटो : हरिभूमि

# मानवता को जीवित रखने के लिए जीवन में गुरु की बेहद जरूरत

**साध्वी भारती ने साप्ताहिक सत्संग में श्रद्धालुओं को किया संबोधित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री भारती ने मानव जीवन से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करते हुए कहा कि जीवित रहने के लिए जैसे हमें प्राणवायु की आवश्यकता है। उससे अधिक मानवता को जीवित रखने के लिए हमारे जीवन में गुरु की आवश्यकता होती है। बहन ने विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि अज्ञानता के अंधकार से मनुष्य को निकालने वाली शक्ति को ही गुरु कहा जाता है। केवल मानव बनकर जन्म लेने से ही हम मानव नहीं कहला सकते जब तक हमारे भीतर मानवता के गुण उजागर न हो। गुरु ज्ञान के वे प्रखर सूर्य हैं जिनके हमारे जीवन में उदय होने से ही अज्ञानता रूपी अंधकार का सर्वनाश हो जाता है।

हम अपने वास्तविक स्वरूप से जुड़कर मानव जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। जीवन में छोटे से छोटा कार्य करने के लिए भी हम सबसे पहले सर्वश्रेष्ठ शिक्षक को ढूंढ़ते हैं किंतु संपूर्ण मानव जाति का दुर्भाग्य है कि ज्ञान और भक्ति जैसे विराट क्षेत्र में हम गुरु के बिना ही उतर जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब आत्मा में संसार के प्रति गहरा वैराग्य और परमात्मा को जानने की इच्छा पैदा होती है तभी उसकी सच्ची प्रार्थना उसे गुरु के पास लेकर आती है। गुरु अपने शरणागत होने वाले शिष्य को कभी अपनी निजी सेवा में नहीं लगाते अपितु उसके जीवन को जन कल्याण एवं संसार के उद्धार का एक माध्यम बनाते हैं।

#### गुरु की निर्माण शैली बड़ी अद्भुत

गुरु अपने शिष्य के जीवन को सत्संग, सेवा, साधना, सुमिरन के द्वारा परम पावन बनाकर समाज में उसे एक आदर्श रूप में प्रतिष्ठित करते हैं। अपने शिष्य को गढ़ने के लिए गुरु की निर्माण शैली बड़ी अद्भुत होती है क्योंकि एक तरफ़ वे बाहरी परिस्थितियों के द्वारा अपने शिष्य का निर्माण करते हैं और उसे मन के विकारों से लड़ने के लिए और आत्मिक उत्थान के लिए अपना तपोबल भी प्रदान करते हैं। गुरु अपने शिष्य के जीवन में आने वाली सूली को भी शूल बना देते हैं और अपनी कृपा दृष्टि से उसके संचित कर्मों को समाप्त कर प्रारब्ध की धार को कुंठित करके उसके जीवन में आने वाले प्रत्येक कष्ट को कम कर देते हैं।

# वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना के तहत बुजुर्गों को मिलेगी नकद राशि

- राज्य सरकार की ओर से बुजुर्गों के मान सम्मान के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार देने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश सरकार बुजुर्गों को मान-सम्मान देने और समाज निर्माण में उनके अनुभव का लाभ उठाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। हरियाणा सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एव पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंतोदय (सेवा) विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि यह योजना समाज सेवा, कला, खेल और बहादुरी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बुजुर्गों को एक नई पहचान मिलेगी। विभिन्न श्रेणियों जैसे शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता, शौर्य और बहादुरी, आजीवन उपलब्धि के साथ-साथ वरिष्ठ पेंटर, मूर्तिकार, संगीतकार व खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, श्रेष्ठ पंचायत पुरस्कार, श्रेष्ठ स्वैच्छिक संगठन पुरस्कार, श्रेष्ठ वृद्धाश्रम और श्रेष्ठ दैनिक देखभाल केन्द्र को भी पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में कला और खेल श्रेणियों के लिए प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपये निर्धारित है।

#### प्रथम पुरस्कार 1,00,000 रुपये

इसी प्रकार, संस्थागत श्रेणियों (जैसे श्रेष्ठ पंचायत और एनजीओ) के लिए प्रथम पुरस्कार 1,00,000 रुपये, द्वितीय 75,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 50,000 रुपये प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं अपनी उपलब्धियों के प्रमाण पत्र और दस्तावेजों सहित विभाग के पोर्टल पर 12 जनवरी, 2026 की रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों या संस्थाओं ने पिछले तीन वर्षों के दौरान यह पुरस्कार प्राप्त किया है वे उसी श्रेणी में दोबारा आवेदन के पात्र नहीं होंगे।

### हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** एएनसी की टीम ने मादक पदार्थ रखने के मामलें में आरोपी ललित कुमार उर्फ लल्ली को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। एएनसी के प्रभारी निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि उनकी टीम अपराध नियंत्रण हेतु गशत पर तैनात थी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सुभाष पार्क के पास आरोपी माद्वक पदार्थ सहित खड़ा है । टीम ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू किया। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर आरोपी से 10 ग्राम 76 मिलिग्राम हेरोइन बरामद हुई।

**विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए**

# स्वयंसेवकों ने शिविर के दौरान चलाया सफाई अभियान



अंबाला। बच्चों को जानकारी देते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल उगाला में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रतिदिन की भांति ईश्वर वंदना, वंदे मातरम् तथा एनएसएस गीत के साथ की गई। इसके उपरांत स्वयंसेवकों के लिए एक्सटेम्पर स्पीच सेशन आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने चाय एवं ब्रेड पकोड़ा का भी आनंद लिया।

इसके पश्चात स्वयंसेवकों के साथ एक सामान्य विचार-विमर्श सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपने अनुभव एवं विचार साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी परवीन कौर ने स्वयंसेवकों को दिनभर की गतिविधियों की जानकारी दी तथा उन्हें महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके बाद विद्यालय के सौंदर्यीकरण कार्य को आगे बढ़ाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने स्कूल परिसर एवं स्कूल के बाहर की बाउंड्री की साफ-सफाई की। दोपहर के भजन के उपरांत किचन गार्डन को दुरुस्त किया गया।

**केंद्रीय निर्वाचन आयोग की हिदायतनुसार चल रहा है एसआईआर का कार्य**

# अंबाला में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुर्ननिरीक्षण का 61 फीसदी कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्रीय निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कार्रवाई निरंतर चल रही है। इसमें मतदाताओं के 2002 व 12 सितंबर 2024 को प्रकाशित मतदाता सूचियों की मैपिंग का कार्य चल रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिला का विशेष गहन पुनरीक्षण (वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मिलान) का 61 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका हैं। तोमर ने बताया कि नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 219 बूथों के तहत पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 1 हजार 243 व महिला मतदाताओं की संख्या 90 हजार 702, थर्ड जेंडर की संख्या 9 है। कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 91 हजार 954 हैं।

इसी प्रकार अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र में 214 बूथों के तहत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 7 हजार 608 व महिला मतदाताओं की संख्या 98 हजार 652, थर्ड जेंडर की संख्या 11 है। कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 06 हजार 271 है। इसी प्रकार अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में 271 बूथों के तहत पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 36 हजार 600 व महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 25 हजार 579, थर्ड जेंडर की संख्या 20 है। कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 62 हजार 199 हैं। इसी प्रकार मुलाना (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र में 264 बूथों के तहत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 18 हजार 929 व महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 05 हजार 186, थर्ड जेंडर की संख्या 3 है। कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 24 हजार 118 है।

#### जिले में 968 बूथ

उन्होंने यह भी बताया कि जिले में 968 बूथ हैं। 8 लाख 84 हजार 542 मतदाता हैं। जिनमें 4 लाख 64 हजार 380 पुरुष मतदाता व 4 लाख 20 हजार 119 महिला मतदाताओं के साथ-साथ 43 थर्ड जेंडर शामिल हैं। जिला चुनाव तहसीलदार गुलशन कुमार ने लोगों से अपील की कि इस कार्य हेतू बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है। वे घर घर जाकर इस कार्य को कर रहें हैं। सभी लोगों से आग्रह है कि इस कार्य में उनका सहयोग करें ताकि प्रकाशित मतदाता सूचि की मैपिंग का कार्य किया जा सकें।

### कड़ाके की सर्दी बिगाड़ सकती है स्वास्थ्य, रहे सतर्कः डॉ. वड़ैच

**पिहोवा।** आजकल कड़ाके की ठंड के चलते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ गया है। नगर के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डा. अवनीत वड़ैच के अनुसार सर्दी के मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। ठंड के प्रभाव से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार, गले में खराश और सांस संबंधी रोग तेजी से फैलते हैं। उन्होने बताया कि इस मौसम में एलर्जी, अस्थमा, साइनस और जोड़ों के दर्द की शिकायत भी बढ़ जाती है। ठंडी हवा और अचानक तापमान में बदलाव से बच्चों और बुजुर्गों पर सबसे अधिक असर पड़ता है। ऐसे में समय रहते बचाव जरूरी है। डा.वडैच के अनुसार संतुलित दिनचर्या अपनाना, शरीर को गर्म रखना और प्राकृतिक तरीके से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना बेहद आवश्यक है। होम्योपैथी में रोग की जड़ पर काम किया जाता है, जिससे बिना दुष्प्रभाव के शरीर को मजबूती मिलती है।

# पुलिस व डीसी ऑफिस की टीमों ने जीत हासिल की

- एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत करवाए गए चार मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत रविवार को पुलिस द्वारा अंबाला शहर के पुलिस लाइन मैदान में चौथे चरण के तहत क्रिकेट मुकाबले करवाए गए। आठ टीमों के बीच कुल चार रोमांचक मुकाबले हुए।

पहला मुकाबला मेट्रो मोटर व सीए इलेवन के बीच खेला गया। इस मुकाबले को सीए इलेवन की टीम ने छह विकेट से जीत लिया। दूसरा मुकाबला अंबाला पुलिस व आई हेट पॉलिथीन के बीच हुआ। इसे अंबाला पुलिस की टीम ने 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। इस मुकाबले में एसआई अजय बक्शी मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरा मुकाबला मीडिया वेलबिंग व हेल्थ डिपार्टमेंट के बीच बेहद रोमांचक रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने 10 ओवर में 92 रन का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैदान में मीडिया वेलबिंग की टीम उतरी।

9 ओवर में ही अपने लक्ष्य को पूरा कर शानदार जीत दर्ज की। जबकि चौथा मुकाबला डीसी ऑफिस व ज्वेलर्स इलेवन के बीच खेला गया। इसमें बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत डीसी ऑफिस इलेवन ने 38 रन से मुकाबले को जीत लिया। इस क्रिकेट के चौथे चरण में एनडीपीएस सैल इंचार्ज अजय कुमार व एएसआई रणदीप गौड ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

**दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में सत्संग का आयोजन**

# सत्संग का श्रवण करने से मिलता है पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



अंबाला। सत्संग में मौजूद श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी रेनू भारती ने उपस्थित संगत को अपने आध्यात्मिक विचारों से कृतार्थ किया। उन्होंने ने बताया कि सत्संग करने से भी पुण्य मिलता है। इसके श्रवण,मनन और चिंतन मात्र से जीव इस लोक में समस्त सुखों को भोगता ही है। साथ ही मृत्यु उपरांत पारलौकिक सुखों की भी प्राप्ति होती है।परमात्मा के नाम सिमरन करने से जहां दुखों,कष्टों का नाश होता है वहीं नाम सिमरन से सब कार्य संपूर्ण होते हैं।

सांस में जपा नाम लोक व परलोक में सहायि होता हैं।उन्होंने साध संगत को प्रवचनों में बताया कि हमें जो मनुष्य जीवन मिला है हमें इस जीवन में अकाल पुरख के नाम के साथ जुड़ना चाहिए क्योंकि मनुष्य जीवन बार बार नहीं मिलता। हमें अच्छे कर्म करने चाहिए। यह संसार कर्म भूमि है।उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि दिव्य ज्योति के दिव्य प्रकाश को देखना ही सर्वश्रेष्ठ सहज योग है। परम्-आत्मिक आनंद और मोक्ष मुक्ति का आधार और सभी ग्रंथों का सार है।अगर जीते जी प्रभु का साक्षात्कार और प्रत्यक्ष में अनुभव करना है तो अपने भीतर चलो।

भारती ने बताया कि गांव पिलखनी के दीप फार्म में भगवान शिव कथा का आयोजन 7 से 10 जनवरी तक दोपहर दो बजे से पांच बजे तक किया जाएगा।सत्संग के अंत में भावपूर्ण भजनों का गायन किया गया और प्रसाद का भी वितरण किया गया।

# 100 मीटर रेस में दुराना की रीना ने मारी बाजी

- महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ओर से आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिता





अंबाला। खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेती महिलाएं व विजेता को सम्मानित करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अंबाला ग्रामीण-1 द्वारा राजीव गांधी खेल स्टेडियम खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अम्बाला ग्रामीण-1 मुनीषा नेहरा द्वारा किया गया। नेहरा ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं/लड़कियों के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से जहां महिलाओं में आत्म विश्वास बढ़ेगा। वहीं घर के चुल्हा चौका से बाहर निकलकर उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का भी अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता मे महिलाओं की 300 मीटर रेस में प्रीति मोहड़ा प्रथम, नेहा मोहड़ा द्वितीय व मनीषा खैरा तीसरे स्थान पर रही, 400 मीटर रेस में नेहा रानी मोहड़ा प्रथम, प्रीति मोहड़ा द्वितीय व राशि अद्दोमाजरा तीसरे स्थान पर रही। साईकिल रेस में सपाना धुरकड़ा प्रथम, प्रियंका रानी धुरकड़ा द्वितीय व सिमरनजीत सारंगपुर तीसरे स्थान पर रही, 100 मीटर रेस में रीना गांव दुराना प्रथम, रूपिंद्र रानी गांव दुराना द्वितीय व मीना रानी मोहड़ी तृतीया स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में बेगम गांव कोंकपुर प्रथम, सतविंद्र कौर गांव कोंकपुर द्वितीय व आशा गांव खैरा तीसरे स्थान पर रही। म्यूजीकल चेयर में जसविंद्र कुमारी सारंगपुर प्रथम, हरप्रीत गांव बंबा द्वितीय व शैलजा गांव मस्तपुर तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तीसरे स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।